NEC
a link with electricity

राष्ट्रीय सहारा

ELECRAMA 2020 Print Media Coverage
Date: 19-01-2020

इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट 'इलेक्रामा 2020' का आगाज

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावडेकर थे शामिल

22 जनवरी तक चलेगा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा।

'इलेक्रामा ऊर्जा के क्षेत्र मे सीखने और दुनिया के रुझानों के बारे में जानने का शानदार अवसर है। यह विचार केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावडेकर ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में शुरू हुए इलेक्रामा 2020 का उद्घाटन अवसर पर कहे। प्रदर्शनी में 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय तथा 1000 से अधिक भारतीय प्रदर्शन अपने उत्पादों को प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें बिजली के उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण, पावर इलोक्ट्रानिक्स, रिन्यूएबल्स, इलेक्ट्रोमोबिलटी, ऑटोमेशन और पॉवर स्टोरेज आदि की नई तकनीक देखने को मिलेगी।

इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में 18 से 22 जनवरी तक चलने वाली दुनिया की सबसे बड़ी बिजली प्रदर्शनी शुरू हुई। इस मौके पर केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री आरके सिंह व प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना भी मौजूद थे।

प्रदर्शनी में केईआई कंपनी ने अपना स्टॉल लगाया है। चेयरमैन अनिल गुप्ता ने बताया कि कंपनी पर्यावरण को ध्यान में रखकर बिजली के केबल बना रही है। केबल में यदि शार्ट सर्किट से आग लग जाती है तो उसमें धुंआ नहीं उठेगा। इसके अलावा केबल में आग भी नहीं फैलेगी। कंपनी के केबल मेट्रो रेल और मल्टीनेशनल कंपनी में इस्तेमाल किये जा रहे हैं। इसके अलावा भूमिगत केबल में भी यदि शार्ट सर्किट होता है तो उससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं हो सकता है।

शार्ट सर्किट और आग से मिलेगी राहत : नित्या समूह ने जर्मन तारों और केबलों की विशेष श्रृंखला पेश की है। एनईसी ने घरेलू और औद्योगिक उपयोग के लिए आने वाले उत्पादों जैसे वायर, मल्टीकोर केबल्स, स्पेशल्टीबेल्स का व्यापक प्रदर्शन किया।

सीएमडी प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि हम हमेशा उपभोक्ताओं को सबसे अच्छी व सुरक्षित और उन्नत तकनीक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी शार्ट सर्किट और आग से बचने के लिए तार और केबल्स, इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन सर्किट में अहम भूमिका रखते हैं।